फोन / फैक्स नं0– 0135–2781201
ईमेलआईडी–info@ukmc.in

# उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग

अल्पसंख्यक कल्याण भवन, शहीद भगत सिंह कालोनी अधोईवाला देहरादून।

**दिनांक 16.09.2023 को प्रातः 11:00 बजे डॉ0 आर0के0जैन, अध्यक्ष उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग देहरादून द्वारा जनपद देहरादून के मंसूरी स्थित नगरपालिका परिषद समागार में "जन–जानकारी अभियान" कार्यक्रम एवं समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त–**

दिनांक 16.09.2023, को जनपद देहरादून के मंसूरी स्थित नगरपालिका परिषद सभागार में जन–जानकारी अभियान कार्यक्रम एव समीक्षा बैठक मे उपस्थित महानुभाव एवं अधिकारी / कर्मचारी की उपस्थिति का विवरणः–

1. डॉ0 आर.के.जैन, मा0 अध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून।
2. श्री अनुज गुप्ता, मा0 अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, मसूरी।
3. श्री वेद प्रकाश बधानी, सहा0 अभि0, नगरपालिका परिषद, मंसूरी।
4. श्री शंकर सिह बिष्ट, एस.एच.ओ., मंसूरी।
5. श्री हीरा लाल, पर्यटन विभाग, मंसूरी।
6. श्री राजेन्द्र सिह रावत, नायब तहसीलदार, मसूरी।
7. श्री अभय सिंह तीर्थवाल, अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान, मंसूरी।
8. श्री दीपक शर्मा, सहा0अभि0, जल संस्थान, मंसूरी।
9. श्री मनोज पंवार, यू.पी.सी.एल., मंसूरी।
10. मौ0 शाहिद, अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा, मंसूरी।
11. श्री तनमीत सिंह खालसा, पूर्व.अं.मो.महामंत्री, भा.ज.पा., मंसूरी।
12. श्री रजत अग्रवाल, अध्यक्ष, ट्रेडर्स एसोसिएशन, मंसूरी।
13. श्री राजेश सक्सेना, वरिष्ठ अध्यापक सदस्य, प्रबन्ध समिति निर्मला इ0का0, मंसूरी।
14. श्री अतुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष, ट्रेडर्स एसोसिएशन, मंसूरी।
15. श्री नागेन्द्र उनियाल, कोषाध्यक्ष, व्यापार संघ, मंसूरी।
16. श्री जे.एस.रावत, सचिव, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून।
17. श्रीमती शमा प्रवीन, वैयक्तिक सहायक, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून।

सर्वप्रथम मा0 अध्यक्ष महोदय की आज्ञानुसार समीक्षा बैठक का सुभारम्भ करते हुए बैठक में उपस्थित मा0 अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, मंसूरी जी की गारिमामयी उपस्थिति में समस्त अधिकारी / कर्मचारीगणों / व्यापारियों का परिचय प्रारम्भ किया गया। तत्पश्चात् मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त महानुभाव, अधिकारियों, व्यापारियों व कर्मचारियों का स्वागत करते हुए बैठक में अनुपस्थित विभागों के संबंधित अधिकारियों के समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त की गयी, जबकि मा0 आयोग के पत्र सं0–711 दिनांक 04.09.2023, के द्वारा 25 विभागों को बुलाया गया था, जिसमें से राजस्व विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, पर्यटन विभाग, शहरी विभाग, जल संस्थान, यूपीसीएल व नगरपालिका परिषद उपस्थित हुए। शेष अनुपस्थित विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित न होने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, देहरादून से अपेक्षा है कि अनुपस्थित विभागीय प्रतिनिधियों को अपने स्तर से चेतावनी निर्गत करते हुए कृत कार्यवाही से मा0 आयोग को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही जिलाधिकारी, देहरादून)**

बैठक में उपस्थित अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों द्वारा मा0 अध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून के नगरपालिका परिषद में आगमन पर अत्यन्त आभार व्यक्त करते हुए अवगत कराया गया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों हेतु अनेक योजनायें चलाई जा रही है, किन्तु जानकारी न होने के कारण अल्पसंख्यक समुदाय को लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा जनपद कार्यालय अत्यन्त दूर होने से अल्पसंख्यक समुदाय को योजनाओं की सही जानकारी मिल पाती है, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय वंचित है। इस सम्बन्ध में बैठक में उपस्थित अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा नगरपालिका परिषद में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का कैम्प कार्यालय अथवा माह में एक बार समीक्षा बैठक पर योजनाओं का प्रचार–प्रसार किये जाने का अनुरोध किया गया। इस सम्बन्ध में मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुरोध पर चार कर समीक्षा बैठक आहूत कर अल्पसंख्यक समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति को लाभ पहुंचाये तथा अल्पसंख्यक समुदाय की समस्या का तत्काल सरलीकरण के आधार पर निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग)**

तत्पश्चात् मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक / कार्यक्रम में उपस्थित महानुभावों / अधिकारियों / कर्मचारियों / व्यापारियों व अल्पसंख्यक समुदाय की जनता को अल्पसंख्यकों के हितों एवं भारतीय संविधान के अनुच्छेद–29, 30 में उल्लिखित अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गयी तथा उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम–2002 में निहित प्राविधानों / कृत्यों से जनमानस को अवगत कराया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों / कर्मचारियों एवं अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को अल्पसंख्यकों हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी

क्रमशः पृष्ठ 2 पर.................

गयी। अल्पसंख्यकों हेतु संचालित भारत सरकार एवं राज्य सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं, स्वरोजगार योजना ऋण योजना, मुख्यमंत्री ... योजना, मेधावी योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना, कब्रिस्तान की चाहरदीवारी योजना, अल्पसंख्यक विकास निधि योजना, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में विकास के निर्माण संबधी योजना, मदरसा आधुनिकीकरण योजना आदि अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि यदि किसी अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति विशेष को उक्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करना है, तो वह अपने जनपद के जिला अल्पसंख्यक/समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर आवेदन करते हुए प्रस्ताव/आवेदन पत्र निदेशालय अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, देहरादून को उपलब्ध करायें। इसके अतिरिक्त यदि कोई विभाग/बहुसंख्यक व्यक्ति किसी प्रकार से अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति के प्रति विभेद उत्पन्न कर उत्पीड़न करता है, तो वह उसकी शिकायत अल्पसंख्यक आयोग में दर्ज कराकर न्याय प्राप्त कर सकते है।

**(कार्यवाही जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, देहरादून)**

बैठक में उपस्थित अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए अनुरोध किया गया कि विद्यालयों में सरकारी योजना का लाभ लिये जाने हेतु स्थाई निवास प्रमाण–पत्र व अल्पसंख्यक प्रमाण–पत्र की मांग की जाती है। मंसूरी नगरपालिका स्थित अल्पसंख्यक समुदाय वर्ष 1950 से भी पूर्व से निवासरत्/किरायेधार है, जिनके प्रमाण–पत्र बनाये जाने में शिथिलता प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि अल्पसंख्यक विभाग या अन्य विभागों की स्वरोजगार योजना में ऋण स्वीकृत हो जाते है, किन्तु बैंक के चक्कर लगाये जाने के उपरान्त भी बैंक स्तर से सहयोग प्रदान नहीं किया जाता है, जिस सम्बन्ध में बैंक को लोन हेतु सहयोग प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है। इस सम्बन्ध में मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा जिलाधिकारी, देहरादून एवं लीड बैंक अधिकारी, देहरादून को उक्त के क्रम में अल्पसंख्यक समुदाय के जनता को प्रमाण–पत्र जारी किये जाने व लोन/ऋण स्वीकृत किये जाने को सरलीकरणसहयोग प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही जिलाधिकारी, देहरादून/लीड बैंक अधिकारी, देहरादून)**

इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित अल्पसंख्यकों द्वारा मंसूरी में स्थित हैरीटेज चर्च की चाहरदीवारी एवं सौन्दर्यीकरण कराये जाने, जैन मंदिर के नीचे धस जाने के कारण पुर्ननिर्मित किये जाने, मंसूरी में स्थित बूचड़खने का नाम बदलकर लण्ढौरा पार्क किये जाने के साथ–साथ पानी, सफाई, बिजली आदि की समस्याओं को दूर कर आवासीय कालोनी का निर्माण कराये जाने, लण्ढौरा में स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान की चाहरदीवारी का निर्माण, मंसूरी नगरपालिका परिषद में स्थित मस्जिद की चाहरदीवारी कराये जाने आदि का अनुरोध किया गया। इस सम्बन्ध में मा0 अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, मंसूरी द्वारा बूचड़खाने का नाम बदलने की कार्यवाही के साथ–साथ, पानी, सफाई, बिजली आदि की समस्याओं के सम्बन्ध में निस्तारण किये जाने से अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में मा0 अध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून द्वारा मा0 अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद को धन्यवाद लेते हुए समस्याओं का निराकरण किये जाने की अपेक्षा की गयी। साथ ही उक्त निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को प्रेषित किये जाने की अपेक्षा की गयी।

**(कार्यवाही अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद, मंसूरी/निदेशालय अल्पसंख्यक कल्याण विभाग)**

बैठक में उपस्थित अल्पसंख्यक समुदाय के व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया कि मंसरी नगरपालिका परिषद में पर्यटन विभाग की योजना होम स्टे संचालित नहीं है, जिससे अल्पसख्यंक व्यापारियों को अनेक कठिनाईयों/आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है, जिसे संचालित किये जाने का अनुरोध किया गया। इस सम्बन्ध में मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा जिला पर्यटन अधिकारी, देहरादून को उक्त योजना का लाभ दिये जाने हेतु सहयोग प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही जिला पर्यटन अधिकारी, देहरादून)**

बैठक में श्री जे.एस.रावत, सचिव, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून/जिला अल्पसंख्यक कलयाण अधिकारी, देहरादून द्वारा योजनाओं की जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि वर्तमान वर्ष में पहली बार मा0 अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, मंसूरी के सहयोग से नगरपालिका परिषद में अल्पसंख्यक समुदाय क्षेत्रान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु धनराशि स्वीकृत की गयी है तथा अन्य अल्पसंख्यक क्षेत्रान्तर्गत निर्माण कार्य प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी।

उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून द्वारा मा0 अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, देहरादून एवं पुलिस विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अल्पसख्यंकों के कार्यों में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। बैठक में समस्त प्रतिभागियों का सधन्यवाद करते हुए बैठक समाप्त की गयी।

(डॉ0 आर0के0जैन)<br>
अध्यक्ष,<br>
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,<br>
देहरादून।

## कार्यालय–उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग देहरादून

**पत्रांक** 818 **/उ0अ0स0/जनपद देहरादून/समीक्षा बैठक–कार्यवृत्त/2023–24 दिनांक** 25 **सितम्बर, 2023**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, देहरादून।
2. जिलाधिकारी, देहरादून।
3. लीड बैंक अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक, देहरादून।
4. जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, देहरादून।
5. अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद, मंसूरी।
6. संबंधित पत्रावली।
7. गार्ड पत्रावली।

अध्यक्ष,<br>
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,<br>
देहरादून।